# चिल्का झील में डॉल्फिन की आबादी

**ओडिशा के तट और उसके जल निकायों** में डॉल्फिन की आबादी में वृद्धि हुई है, जबकि चिल्का झील में इरावदी डॉल्फिन की संख्या गिरावट दर्ज की गई है।

- डॉल्फिन की कुल छह प्रजातियाँ- इरावदी (**Irrawaddy**), बॉटलनोज़ (**Bottlenose**), हंपबैक (**Humpback**), धारीदार ( **Striped**), फिनलेस (**Finless** )और स्पिनर डॉल्फिन (**Spinner Dolphins**) दर्ज की गई हैं।

## डॉल्फिन की विभिन्न प्रजातियाँ:

- **इरावदी डॉल्फिन:**
  - **आवास:** इरावदी डॉल्फिन दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया के तटीय क्षेत्रों में तथा तीन नदियों- अय्यरवाडी (म्याँमार), महाकम (इंडोनेशियाई बोर्नियो) और मेकांग में पाई जाती हैं।
    - मेकांग नदी इरावदी डॉल्फिन कंबोडिया और लाओ पीडीआर के बीच नदी के 118 मील की दूरी में पाई जाती हैं।
  - **संरक्षण स्थिति:**
    - IUCN रेड लिस्ट: संकटग्रस्त (Endangered)
    - CITES: परिशिष्ट I
    - **Wildlife Protection Act, 1972: अनुसूची I**
- **इंडो-पैसिफिक बॉटलनोज़ डॉल्फिन:**
  - **आवास:** इंडो-पैसिफिक बॉटलनोज़ डॉल्फिन आमतौर पर हिंद महासागर, दक्षिण पूर्व एशिया और ऑस्ट्रेलिया के उथले तटीय जल में पाई जाती है।
  - **संरक्षण स्थिति:**
    - **IUCN रेड लिस्ट:** संकटापन्न (Near Threatened)
    - **CITES:** परिशिष्ट II
- **हिंद महासागर हंपबैक डॉल्फिन:**
  - **आवास:** हिंद महासागर हंपबैक डॉल्फिन दक्षिण अफ्रीका से भारत तक हिंद महासागर में पाई जाती है।
  - **संरक्षण स्थिति:**
    - **IUCN रेड लिस्ट:** लुप्तप्राय (Endangered)
    - **CITES: परिशिष्ट I**
    - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** अनुसूची I
- **धारीदार (Striped) डॉल्फिन:**
  - **आवास:** धारीदार डॉल्फिन समशीतोष्ण या उष्णकटिबंधीय, अपतटीय जल में निवास करती है।
    - यह उत्तर और दक्षिण अटलांटिक महासागरों में बहुतायत में पाई जाती है, जिसमें भूमध्यसागर और मैक्सिको की खाड़ी, हिंद महासागर तथा प्रशांत महासागर शामिल हैं।
  - **संरक्षण स्थिति:**
    - **IUCN रेड लिस्ट:** कम चिंतनीय (Least Concern)
    - **CITES: परिशिष्ट II**
- **फिनलेस डॉल्फिन:**
  - **आवास:** फिनलेस पोरपोइज़ मूल रूप से हिंद-प्रशांत महासागर के तटों के निकट खारे पानी के निकेत में पाए जाते हैं।
  - **संरक्षण स्थिति:**
    - **IUCN रेड लिस्ट:** गंभीर रूप से लुप्तप्राय
    - **CITES:** परिशिष्ट I
- **स्पिनर डॉल्फिन:**
  - **आवास:** स्पिनर डॉल्फिन एक छोटी डॉल्फिन है जो विश्व भर के अपतटीय उष्णकटिबंधीय जल में पाई जाती है।
    - यह अपनी कलाबाजियों के प्रदर्शन के लिये विख्यात है जिसमें यह अपने अनुदैर्ध्य अक्ष के चारों ओर घूमती है क्योंकि यह हवा के माध्यम से छलांग लगाती है।
  - **संरक्षण स्थिति:**
    - **IUCN रेड लिस्ट:** कम चिंतनीय (Least Concern)
    - **CITES:** परिशिष्ट II

## चिल्का झील:

- चिल्का एशिया का सबसे बड़ा और विश्व का दूसरा सबसे बड़ा लैगून है।
- यह भारत के पूर्वी तट पर ओडिशा राज्य में स्थित है, जो बंगाल की खाड़ी से रेत की एक छोटी सी पट्टी से अलग होता है।
- यह भारत के पूर्वी तट पर ओडिशा के पुरी, खुर्दा और गंजम ज़िलों में फैली है तथा दया नदी (Daya River) के मुहाने से बंगाल की खाड़ी तक 1,100 वर्ग किलोमीटर तक का क्षेत्र कवर करती है
- शीतकाल के दौरान भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने वाला सबसे बड़ा मैदान होने के साथ ही यह पौधों और जानवरों की कई संकटग्रस्त प्रजातियों का निवास स्थान है।
- वर्ष 1981 में चिल्का झील को रामसर कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व का पहला भारतीय आर्द्रभूमि नामित किया गया था।
- चिल्का में प्रमुख आकर्षण इरावदी डॉल्फिन (Irrawaddy Dolphins) हैं, जिन्हें अक्सर सातपाड़ा द्वीप के पास देखा जाता है।
- लैगून क्षेत्र में लगभग 16 वर्ग किमी. में फैला नलबाना द्वीप (फारेस्ट ऑफ रीडस) को वर्ष 1987 में पक्षी अभयारण्य घोषित किया गया था।
- **कालिजई मंदिर-** यह मंदिर चिल्का झील में एक द्वीप पर स्थित है।

## विगत वर्षों के प्रश्न:

**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| वन्य प्राणी | प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं |
|---|---|
| 1. नीले मीनपक्ष वाली महाशीर | कावेरी नदी |
| 2. इरावदी डॉल्फिन | चंबल नदी |
| 3. मोरचाभ (रस्टी)- चित्तीदार बिल्ली | पूर्वी घाट |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dolphin-population-in-chilika-lake